मेरी बांके बिहारी से प्रीत की

मेरी बांके बिहारी से प्रीत के दुनिया जान गई,
मेरी कुञ्ज बिहारी से प्रीत के दुनिया जान गई,

बांके बिहारी के बांके बांके नैना,
बांके बांके नैनो ने छीना मोरा चैना,
मुझे मिल गया मन का मीत के दुनियां जान गई,
मेरी बांके बिहारी से प्रीत......

बांके बिहारी की बांकी बांकी गलियां,
बांकी बांकी गलियों में मिल गया छलियाँ,
ये कैसी पागल प्रीत ये दुनिया जान गई,
मेरी बांके बिहारी से प्रीत की

बांके बिहारी की बांकी बांकी मुरलियाँ,
बांकी बांकी मुरली में मीठा सुरलियाँ,
बजा मन में मेरे संगीत ये दुनिया जान गई,
बांके बिहारी की बांकी बांकी

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/7052/title/mere-banke-bihari-se-preet-ke-duniya-jaan-gai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |